दैनिक भास्कर

**बनासकांठा में नकली नोट की फैक्ट्री पकड़ाई:40 लाख के नोटों के साथ 2 गिरफ्तार, मुख्य आरोपी पर 16 मामले दर्ज हैं**



गुजरात में बनासकांठा पुलिस ने डीसा तालुका के महादेविया गांव में नकली भारतीय नोट बनाने वाली एक फैक्ट्री पकड़ी है। गुरुवार देर रात की गई छापेमारी में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 40 लाख रुपए से ज्यादा के नकली नोट और उन्हें बनाने के उपकरण जब्त किए हैं।

बनासकांठा पुलिस की स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) को विशेष सूचना मिली थी कि महादेविया गांव में नकली नोट बनाए जा रहे हैं। इसके आधार पर एलसीबी की टीम ने बीती देर रात गांव में छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने वहां से ₹40 लाख से ज्यादा के नकली नोट बरामद किए।

Source: https://www.bhaskar.com/national/news/fake-currency-factory-caught-in-banaskantha-135846400.html